समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# प्रसिद्ध अभिनेत्री हंसिका मोटवानी का टूटा घर, शादी के 4 साल बाद पति सोहेल कथुरिया से लिया तलाक

Sanket Morankar

Published on 13 Mar 2026



फिल्म इंडस्ट्री से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेत्री Hansika Motwani और उनके पति Sohael Khaturiya ने शादी के करीब चार साल बाद आपसी सहमति से तलाक ले लिया है।

बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से दोनों के रिश्तों में दूरी आ गई थी और दोनों अलग-अलग रह रहे थे। अब मुंबई के बांद्रा स्थित अदालत ने उनके तलाक को मंजूरी दे दी है, जिससे उनका वैवाहिक रिश्ता आधिकारिक रूप से खत्म हो गया है।

### 2022 मे हुंई थी भव्य शादी

Hansika Motwani ने 4 दिसंबर 2022 को बिजनेसमैन Sohael Khaturiya के साथ बेहद धूमधाम से शादी की थी। यह शादी काफी चर्चा में रही थी और इसमें फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग शामिल हुए थे।

हालांकि शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच मतभेद की खबरें सामने आने लगी थीं।

### 2024 से रह रहे थे अलग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुलाई 2024 से दोनों अलग-अलग रह रहे थे। इस दौरान परिवार और दोस्तों ने उनके रिश्ते को बचाने की काफी कोशिश की, लेकिन मतभेद कम नहीं हो पाए।

आखिरकार दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला लिया और अदालत में तलाक की प्रक्रिया शुरू की।

### गुजारा भत्ता नहीं मांगा

रिपोर्ट्स के अनुसार तलाक की प्रक्रिया के दौरान अभिनेत्री ने किसी भी तरह के गुजारा भत्ते की मांग नहीं की।

दोनों के वकीलों ने अदालत को बताया कि शादी के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में स्वभाव, जीवनशैली और विचारों में अंतर के कारण विवाद बढ़ने लगे थे।

## सोहेल की दूसरी शादी भी टूटी

बताया जाता है कि यह Sohael Khaturiya की दूसरी शादी थी। इससे पहले उनकी शादी हंसिका की करीबी दोस्त Rinky Bajaj से हुई थी, लेकिन वह रिश्ता भी ज्यादा समय तक नहीं चल पाया था।

## हंसिका का करियर

Hansika Motwani ने अपने करियर की शुरुआत बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने लोकप्रिय टीवी शो **Shaka Laka Boom Boom** और फिल्म **Koi... Mil Gaya** में भी काम किया था।

इसके बाद उन्होंने हिंदी के साथ-साथ तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बनाई और कई सफल फिल्मों में अभिनय किया।

अभिनेत्री के तलाक की खबर सामने आने के बाद उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है और सोशल मीडिया पर भी इस खबर की काफी चर्चा हो रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.